सौभाग्य · saubhagya.net · आसान गाइड

पंच / सरपंच का नामांकन फ़ॉर्म ऑनलाइन कैसे भरें

एक बार जानकारी भरिए — प्ररूप-4, 4 घ, शौचालय घोषणा, शपथ-पत्र, सांख्यिकी फ़ॉर्म सब अपने-आप भर जाते हैं (सरपंच 11 पेज · पंच 7 पेज) · ₹100 प्रति फ़ॉर्म-सेट

शुरू करने के लिए:

मोबाइल के Chrome में

saubhagya.net

👉 खोलिए और यह बटन दबाइए: **Form Fill (पंच / सरपंच)**

उम्मीदवार की पूरी जानकारी (नाम, पिता/पति, उम्र, पता, मतदाता सूची में क्रम, प्रस्तावक, सम्पत्ति, मामले) पास रखिए। फ़ॉर्म कोई भी भर सकता है — उम्मीदवार ख़ुद, परिवार का सदस्य, ई-मित्र या प्रतिनिधि; PDF भरने वाले के WhatsApp पर आती है।

1. फ़ॉर्म भरना

1. **Form Fill (पंच / सरपंच)** दबाइए — फ़ॉर्म भरने का पेज खुलेगा।
2. सबसे पहले **पद** चुनिए — **सरपंच** या **पंच**।
3. फिर एक-एक खाना भरिए: ज़िला, पंचायत समिति, ग्राम पंचायत, वार्ड, उम्मीदवार का पूरा नाम, लिंग, पुत्र/पुत्री/पत्नी, पिता/पति का नाम, उम्र, पता, मतदाता सूची में क्रम संख्या, प्रस्तावक, शिक्षा, सम्पत्ति, आपराधिक मामले आदि। **जो न हो, खाली छोड़ दीजिए** — वहाँ बिंदु वाली लाइन छपेगी।
4. मोबाइल पर खाने ऊपर हैं और भरा हुआ फ़ॉर्म नीचे बनता दिखता है; कंप्यूटर पर बाईं ओर खाने, दाईं ओर फ़ॉर्म। फ़ॉर्म पर "नमूना" की छाप रहती है — आराम से जाँच लीजिए।

भरी हुई जानकारी आपके फ़ोन / कंप्यूटर में अपने-आप सेव रहती है — पेज बंद होकर फिर खुले तो भी वापस मिल जाती है।

2. ₹100 भुगतान

1. **फ़ॉर्म भरने वाले का WhatsApp नंबर** लिखिए — यानी **अपना** नंबर: ई-मित्र / दुकान / प्रतिनिधि भर रहा है तो उसका, उम्मीदवार का नहीं। **भुगतान का लिंक और भरा हुआ फ़ॉर्म (PDF) इसी नंबर पर आएँगे।** (उम्मीदवार का मोबाइल ऊपर फ़ॉर्म के "मोबाइल नंबर" खाने में अलग से भरा जाता है — वह सिर्फ़ फ़ॉर्म पर छपता है।)

2. चाहें तो "भरने वाले का नाम / दुकान" भी लिख दीजिए (वैकल्पिक) — बिल और हमारे रजिस्टर में यही नाम आएगा।

3. **₹100 भुगतान करके PDF लें** दबाइए — स्क्रीन पर ऑर्डर नंबर, पासवर्ड और भुगतान का बटन / QR आएगा। **ऑर्डर नंबर और पासवर्ड सँभालकर रख लीजिए**।

4. वहाँ जो आपके पास हो चुनिए — **UPI ऐप** (PhonePe / Google Pay / Paytm), **QR**, **कार्ड** या **नेट-बैंकिंग** — और पैसा दे दीजिए। भुगतान होते ही पेज पर "भुगतान मिल गया" आ जाता है और PDF बनना शुरू।

5. **भुगतान पेज न खुले तो:** ऑर्डर पेज पर दिख रहे **QR** को किसी भी UPI ऐप से स्कैन करके ठीक उतनी ही राशि भेज दीजिए (राशि अपने-आप मिलती है, नोट में कुछ लिखना ज़रूरी नहीं)। WhatsApp पर आया **"भुगतान करें"** बटन भी यही काम करता है।

6. पैसा देने के 10 मिनट बाद भी "भुगतान मिल गया" न आए तो हमें WhatsApp पर **ऑर्डर नंबर + भुगतान का स्क्रीनशॉट** भेजिए।

3. साफ़ PDF लेना और प्रिंट

1. भुगतान होते ही **साफ़ PDF (बिना "नमूना" छाप)** WhatsApp पर और उसी पेज पर आ जाएगी — साथ में बिल।

2. **A4** पर प्रिंट कीजिए (fit to page, एक तरफ़)।

3. जहाँ "पुत्र / पुत्री / पत्नी", "हूँ / नहीं हूँ" जैसे विकल्प छपे हैं, जो लागू न हो उसे **पेन से काट दीजिए**; हर पेज पर जहाँ चाहिए **हस्ताक्षर** कीजिए; फ़ोटो चिपकाइए।

4. शपथ-पत्र (उपबंध) नोटरी से सत्यापित करवाइए (सरपंच के लिए) और नामांकन के साथ रिटर्निंग अधिकारी को दीजिए।

✔ कोई गलती रह गई? WhatsApp के बटन से वही पेज खोलिए, जानकारी सुधारिए और **सुधार के बाद PDF दोबारा बनाइए** दबाइए — भुगतान के **24 घंटे** के अंदर **3 बार मुफ़्त**; उसके बाद नामांकन की आख़िरी तारीख तक हर सुधार **₹25** (भुगतान का बटन आएगा, सुधारी हुई PDF उसी WhatsApp नंबर पर)।

🔒 सुधार में उम्मीदवार का नाम, पिता/पति का नाम, पद और क्षेत्र (ज़िला / समिति / पंचायत / वार्ड) नहीं बदलते — ऑर्डर उसी उम्मीदवार का रहता है। दूसरे उम्मीदवार के लिए नया फ़ॉर्म (₹100) भरिए।

⚠️ हर जानकारी एक बार ज़रूर मिला लें — रिटर्निंग अधिकारी को सही फ़ॉर्म देने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की है। शपथ-पत्र की तालिकाओं में खाली खानों में "शून्य" / "लागू नहीं" अपने-आप लिखा जाता है।

अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

पैसा दे दिया, पर "भुगतान मिल गया" नहीं आया?

5–10 मिनट रुकिए; फिर ऑर्डर नंबर और भुगतान का स्क्रीनशॉट हमें WhatsApp कीजिए।

पंचायत समिति / ज़िला परिषद सदस्य का फ़ॉर्म?

अभी इस सुविधा में सिर्फ़ पंच / सरपंच (प्ररूप-4) है। PS / ZP सदस्य के प्ररूप-IV क के लिए हमें WhatsApp कीजिए।

मदद चाहिए? कॉल या WhatsApp कीजिए

99833 33119

ऑर्डर नंबर (VS....) ज़रूर लिखिए